# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज दिनांक–20.12.2025 को कक्षा 1–5, कक्षा 6–8, कक्षा 9–10 एवं कक्षा 11–12 में कार्यरत स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा (CTT), 2025 (चतुर्थ) का परीक्षाफल जारी किया गया।

**2.** इस परीक्षा का परिणाम वेबसाईट https://sakshamtabihar.com पर उपलब्ध है, जिसे शिक्षक अभ्यर्थी अपने लॉग–इन आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से देख सकते हैं।

**3.** समिति द्वारा दिनांक 24.09.2025 से 27.09.2025 तक एवं दिनांक 12.10.2025 तथा 22.10.2025 को आयोजित सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) में कुल 14,936 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें 4,932 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वर्गवार कक्षा 1–5 के 13,726 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 4,182 शिक्षक (30.47%) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 6–8 के 387 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 266 शिक्षक (68.73%) सफल हुए हैं। कक्षा 9–10 के 592 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 354 शिक्षक (59.80%) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 11–12 के 231 शिक्षक परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 130 शिक्षक (56.28%) सफल हुए हैं। इस प्रकार इस परीक्षा में शिक्षक अभ्यर्थियों का उत्तीर्णता प्रतिशत कुल का 33.02% है।

**4.** समिति द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सम्मिलित 14,936 शिक्षक अभ्यर्थियों में 8,501 महिला शिक्षिका हैं तथा 6,435 पुरूष शिक्षक हैं, जिनमें 2,725 महिला शिक्षिका एवं 2,207 पुरूष शिक्षक उत्तीर्ण हुए हैं।

**5.** उल्लेखनीय है कि सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) का आयोजन पटना के बापू परीक्षा परिसर स्थित ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र में किया गया था, जिसके लिए प्रति पाली अवधि 2 घंटा 30 मिनट निर्धारित थी।

**6.** समिति द्वारा जारी उक्त परीक्षाफल पूरी तरह से औपबंधिक (Provisional) है, क्योंकि परीक्षाफल प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग द्वारा सभी सफल शिक्षक अभ्यर्थियों की Counselling कराई जायेगी, जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा इन शिक्षकों को अलग से सूचना दी जायेगी।

**7.** सभी वर्गों एवं विषयों के लिए आयोजित इस परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें भाग–1 (भाषा) में 30 प्रश्न, भाग–2 (सामान्य अध्ययन) में 40 प्रश्न एवं भाग–3 (संबंधित विषय) में 80 प्रश्न दिए गये थे।

**8.** सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 के अनुरूप सक्षमता परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक निम्नवत् है :–

| **क्र.सं.** | **कोटि** | **उत्तीर्णांक** |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General) | 40% अंक |
| 2. | पिछड़ा वर्ग (BC) | 36.5% अंक |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC) | 34% अंक |
| 4. | अनु0जाति / अनु0जनजाति (SC/ST) | 32% अंक |
| 5. | दिव्यांग (Differently Abled) | 32% अंक |
| 6. | महिला (Female) | 32% अंक |

इस प्रकार, कोटिवार अंकित उपरोक्त उत्तीर्णांक प्राप्त किये हुए शिक्षक अभ्यर्थी सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) में उत्तीर्ण हुए हैं।

**9.** उल्लेखनीय है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य सरकार के आदेश के आलोक में स्थानीय निकाय के शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व समिति द्वारा तीन बार सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है। सक्षमता परीक्षा (प्रथम) का आयोजन दिनांक–26.02.2024 से 06.03.2024 तक किया गया। इस परीक्षा में सम्मिलित कुल 1,99,027 शिक्षक अभ्यर्थियों में से 1,87,818 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, जिनका उत्तीर्णता प्रतिशत 94.37% था। इसी प्रकार सक्षमता परीक्षा (द्वितीय) का आयोजन दिनांक–23.08.2024 से 26.08.2024 के बीच किया गया, जिसमें कुल 81,348 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 66,143 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, जिनका उत्तीर्णता प्रतिशत 81.31% था। सक्षमता परीक्षा (तृतीय) का आयोजन दिनांक 23.07.2025 से 25.07.2025 के बीच किया गया, जिसमें 24,436 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। इस परीक्षा में 7,893 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, जिनका उत्तीर्णता प्रतिशत कुल का 32.30% है। इस प्रकार चारों सक्षमता परीक्षाओं को मिलाकर अभी तक कुल 2,66,786 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।